मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 260 ■ बुधवार, 8 जनवरी 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play · Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel · Subscribe



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

## सलमान के घर बुलेट प्रूफ दीवार बनाई गई

## संक्षेप...


### चिकन विक्रेता पर प्राणघातक हमला

**कल्याण.** डोंबिवली के मानपाड़ा थाना क्षेत्र के कोलेगांव में एक चिकन विक्रेता पर चार लोगों द्वारा प्राणघातक हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है. दुकान पर चिकन लेने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने चिकन विक्रेता सुशील सिकदर की बुरी तरह पिटाई कर दी, इस घटना में में विष्णु म्हात्रे और अजिंक्य म्हात्रे सहित तीन से चार लोगों पर हत्या करने के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है. घटना वाले दिन शाम 7 बजे आरोपी विष्णु म्हात्रे दुकान पर चिकन लेने आया था, जिसमें आरोपी विष्णु ने दुकान में काम करने वाले इस्माइल के साथ गालीगलौज की. उसके कुछ देर बाद विष्णु का बेटा आजिंक्य और उनके कुछ साथियों ने धारदार हथियार और बैट से चिकन विक्रेता सुशील पर हमला कर दिया.


# अंबरनाथ और बदलापुर नपा क्या महानगरपालिका बनेगी?

■ बदलापुर महानगर पालिका स्वतंत्र बनाई जाएगी : किशन कथोरे

यूसुफ शेख







**अंबरनाथ.** अंबरनाथ और कुलगांव बदलापुर दोनों शहरों को एकत्रित करके महानगर पालिका बनाए जाने की चर्चा ने फिर से जोर पकड़ा है. इसका कारण है कि स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनाव अप्रैल में होने के आसार हैं. 22 जनवरी को ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट में निर्णय आने की संभावना है. उसके बाद महाराष्ट्र राज्य के स्थानीय स्वराज्य संस्था चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी. दोनों शहर की नगर परिषद को जोड़कर महानगर पालिका होने की चर्चा गत 8 वर्षों से चल रही है. बदलापुर महानगर पालिका स्वतंत्र रूप से बनाई जाएगी. ऐसा खुला इशारा मुरबाड के विधायक किशन कथोरे ने दो दिनों पूर्व एक कार्यक्रम में दिया है. उनका कहना है कि बदलापुर के आसपास के गांव को मिलाकर महानगर पालिका के लिए पर्याप्त 5 लाख तक जनसंख्या हो जाती है. अंबरनाथ शहर से इस संबंध में किसी भी पक्ष के नेताओं ने आवाज नहीं उठाई है. अंबरनाथ शहर और आसपास के गांव को शामिल किया जाए तो अंबरनाथ महानगर पालिका का स्वतंत्र कारोबार हो सकता है. इसलिए अब ये समझा जा रहा है कि किशन कथोरे द्वारा बदलापुर स्वतंत्र महानगर पालिका की आवाज उठाए जाने पर अंबरनाथ-बदलापुर महानगर पालिका बनेगी भी या नहीं, ये एक सवालिया निशान बन गया है. तो क्या अंबरनाथ और बदलापुर नगर परिषद ही रह जाएंगे. ऐसी चर्चा शहर में जोर पकड़ रही है. कुछ दिन पहले पूर्व सांसद कपिल पाटिल और पूर्व महापौर ने कहा था कि अंबरनाथ-बदलापुर एक संयुक्त महानगर पालिका होगी। कपिल पाटिल ने कभी भी स्वतंत्र मनपा के मुद्दे पर कड़ा रुख नहीं अपनाया। कुछ दिन पहले पत्रकारों को दी गई जानकारी में उन्होंने संकेत दिया था कि अंबरनाथ-बदलापुर एक संयुक्त महानगर पालिका होगी; हालांकि, उनके बयान पर संज्ञान लेते हुए विधायक किसन कथोरे ने विश्वास जताया कि कोई कुछ भी कहे, बदलापुर एक स्वतंत्र महानगर पालिका बनेगी.

# उल्हासनगर में फिर हुआ गैस रिसाव



■ उल्हासनगर-3 डॉल्फिन रोड इलाके की घटना
■ कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा
■ CNG पाइप से रिसाव

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में फिर एक बार महानगर गैस पाइप से गैस रिसाव की घटना घटी है, कैंप-3 के डॉल्फिन रोड इलाके में सड़क की खुदाई चल रही थी, जिसके धक्के से CNG महानगर गैस पाइप से रिसाव शुरू हो गया. कंपनी के कर्मचारियों ने गैस पाइपलाइन का मुख्य वाल्व बंद कर दिया और इस चैनल की मरम्मत का काम शुरू कर दिया, घटना के कारण कुछ देर के लिए इलाके में डर का माहौल बन गया. ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी दो बार खुदाई के दौरान इस तरह का रिसाव हो चुका है। खुदाई के दौरान कोई भी सावधानी नहीं बरती जा रही है जिस कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। घटनास्थल पर फायरबिग्रेड भी पहुंच गई। कुछ घंटों की मशक्कत के बाद इस दुरुस्त किया गया।

# हाजीमलंग परिसर में तेंदुए के कदमों के निशां!

## नागरिकों से सावधान रहने की अपील

**कल्याण.** हाजीमलंग क्षेत्र में तेंदुए के पैरों के निशान दिखाई दिए हैं। इस क्षेत्र में हर साल तेंदुए दिखाई देते हैं। इस वर्ष भी हाजीमलंग गढ़ परिसर में तेंदुए के पैरों के निशान देखे गए हैं। इसलिए पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रा करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। हाजीमलंग क्षेत्र सह्याद्रि पर्वत श्रृंखला के अंतर्गत आता है। तेंदुए हर साल इस क्षेत्र में आते हैं। इस वर्ष भी ऐसा लग रहा है कि तेंदुआ हाजीमलंग क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है। माघ माह की पूर्व संध्या पर पहाड़ी क्षेत्रों से तेंदुए हाजीमलंग क्षेत्र में आते हैं। पिछले साल भी एक परिवार पर तेंदुए ने हमला किया था।

इसलिए अब जबकि तेंदुए के कदम फिर से हाजीमलंग क्षेत्र की ओर मुड़ने लगे हैं, तो पहाड़ी क्षेत्रों की यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए सतर्क रहना बेहद जरूरी हो गया है। हालांकि फिलहाल वन विभाग ने स्थानीय लोगों को कोई जानकारी नहीं दी है।

# उल्हासनगर स्टेशन परिसर अनाधिकृत पार्किंग-दुकानों की समस्या से हुआ मुक्त

■ करीब 200 बाइक सवारों से 1 लाख रु. जर्माना वसूला



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका और यातायात पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पश्चिम में स्थित अनाधिकृत पार्किंग और स्टॉल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की और एक लाख रुपए का जुर्माना वसूला।

पश्चिम में उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के बगल में स्काईवॉक के नीचे अनधिकृत पार्किंग और सड़क पर चश्मा, बेल्ट, टोपी आदि बेचने वाली दुकानों के कारण एम्बुलेंस और दमकल गाड़ियां भी स्टेशन तक नहीं पहुंच पा रही थी.

इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए आयुक्त विकास ढाकणे के आदेश पर उपायुक्त अजय साबले, परिवहन शाखा के सहायक पुलिस आयुक्त विजय पोवार, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुखदेव पाटिल, वार्ड समिति 3 की सहायक आयुक्त सलोनी निवकर और संपत्ति प्रबंधक मधुरा केनी ने स्काईवॉक के नीचे कार्रवाई की।

करीब दो सौ दोपहिया वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई और उनसे 500-500 रुपये यानी कुल एक लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। उपायुक्त अजय साबले ने बताया कि इस कार्रवाई से स्काईवॉक क्षेत्र को अनाधिकृत पार्किंग और दुकानों की समस्या से मुक्ति मिल गई है।

## 40 वर्षीय व्यक्ति लड़की को परेशान करने के आरोप में गिरफ्तार

**ठाणे.** काशीमीरा में 40 वर्षीय व्यक्ति को एक किशोरी लड़की का कथित रूप से पीछा करने और उसे परेशान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। काशीमीरा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि वह 15 वर्षीय लड़की का नियमित रूप से पीछा करता था और उसे परेशान करता था।

अधिकारी ने कहा, ₹लड़की द्वारा अपने माता-पिता को इस घटना के बारे में बताने के बाद, उन्होंने उस पर नज़र रखी और आज आरोपी को इस कृत्य में पकड़ लिया। कई लोगों द्वारा उसे अर्धनग्न अवस्था में परेड कराने के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया.

# उल्हासनगर के दो लुटेरे गिरफ्तार

■ उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने अंबरनाथ से किया गिरफ्तार
■ विठ्ठलवाड़ी पुलिस क्षेत्र में की थी लूट
■ 3 लाख की हुई थी लूट
■ वारदात सीसीटीवी में कैद



**उल्हासनगर.** विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में तीन लाख रुपये की लूट की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। इस चोरी मामले में पुलिस को सफलता भी मिली है उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. ज्ञात हो कि उल्हासनगर-4 स्थित बैरक नंबर 1316 के मालिक शरद गुलाब सिंह अपने घर का दरवाजा खोलकर अंदर जा रहे थे कि अचानक आरोपी अक्षय चलवाड़ी और अरबाज शेख वहां आये और शरद के हाथ से पैसों से भरा बैग छीन लिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। शरद ने विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। उल्हासनगर अपराध शाखा के पुलिस उप-निरीक्षक प्रवीण खोचरे को सूत्रों से जानकारी मिली कि आरोपी अंबरनाथ पश्चिम में म्हाडा कॉलोनी के पास एक पहाड़ी पर हैं। पुलिस ने जाल बिछाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से 45,600 सामान भी जब्त कर लिया है। आगे की जांच पुलिस कर रही है।

# कैब चालक ने मालिक को पौने 4 लाख का चूना लगाया

■ मालिक ने चालक को न्यायालय में घसीटा

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में ओला उबर कैब चालक ने मालिक का लगभग तीन लाख 75 हजार रुपए बाकी रखकर नहीं देने का मामला सामने आया है. मालिक ने जब रकम मांगी तो वह तरह-तरह के बहाने करने लगा. कार मालिक अजय शर्मा ने कार चालक धीरज तिवारी को अब न्यायालय में घसीट कर न्यायालय के अपराध दर्ज कराने की पूरी तैयारी कर ली है.

अंबरनाथ में अजय शर्मा (जो कि पत्रकार भी हैं) की ओम ट्रैवेल्स नाम की कंपनी है. उनकी 5-6 प्रवासी कार है. ये कार उन्होंने रोजाना के किराए के हिसाब से उबर चालक को चलाने के लिए दिया है. ठहराए गए करार के अनुसार व्यवस्थित चल रहा था. धीरज ने कुछ दिनों बाद रकम देने में आगे-पीछे करने लगा और विभिन्न प्रकार के बहाने करके कई महिनों तक उसने रकम अदा नहीं किया. लगभग 4 वर्षों तक के 4 लाख 75 हजार रुपए उसने अदा नहीं किए. आखिर ओम ट्रैवेल्स के मालिक अजय शर्मा ने चालक धीरज तिवारी के विरोध में न्यायालय का सहारा लिया है. ऐसी घटनाएं कई बार होने के बाद चालक ढीठ बन गए हैं. न्यायालय ने ऐसे चालकों को जरब लगाई तो ऐसी घटनाएं रुक सकती हैं. ऐसी जानकारी ओम ट्रैवेल्स के वकील एड. सुनिल गुप्ता ने दी है.

# बाल्कनजी बारी संस्था पर कर चोरी का आरोप !

■ 10 एकड़ जमीन पर मात्र 10 हजार रुपये कर!



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के प्रसिद्ध स्कूल बाल्कनजी बारी स्कूल को सरकार ने एक रुपए की दर से 10 एकड़ जमीन दी है। हालांकि, शिकायतकर्ता आनंद शिंदे ने बताया कि इस संस्था से महानगर पालिका के संपत्ति कर विभाग ने केवल 10 हजार रुपये का कर वसूला है। सभी का ध्यान इस बात पर केंद्रित है कि मनपा इस पर क्या निर्णय लेगा।

बालकंजी बारी उल्हासनगर कैंप तीन में स्थित एक संस्था है। इस संस्था को 1974 में प्रांतीय कार्यालय द्वारा 1 रुपये के किराये के आधार पर 50,000 वर्ग गज (41,821 वर्ग मीटर) का एक भूखंड दिया गया था। इस स्थान पर एक प्राथमिक विद्यालय, एक माध्यमिक विद्यालय, एक नशा पुनर्वास केंद्र और एक क्रिकेट मैदान है।

शिकायतकर्ता शिंदे ने बताया कि इनमें से अधिकांश गतिविधियां अन्य संगठनों के साथ किराये के आधार पर संचालित की जाती हैं। शिकायतकर्ता शिंदे ने इस शिकायत के साथ मनपा प्रशासन के संपत्ति विभाग द्वारा जारी कर रसीद संलग्न की है और बताया है कि संस्था ने केवल 10 हजार रुपये कर का भुगतान किया है।

शिंदे ने बताया कि चूंकि इस भूमि पर 50,000 वर्ग फुट से अधिक खुली जगह उपलब्ध है, इसलिए संस्था को 8 रुपये प्रति वर्ग फुट की वर्तमान दर से 80 लाख रुपये का कर देना चाहिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पता चला है कि महानगर पालिका के कर विभाग ने यह शिकायत मिलने के बाद तुरंत भूखंड पर जाकर उसकी पैमाइश की। इस बारे में पूछे जाने पर कर विभाग के अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने कहा कि शिकायत पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# राकांपा ने डॉक्टरों के खिलाफ अपनाया आक्रामक रुख

■ बदलापुर के अस्पताल में डॉक्टर ने की मरीज से असभ्य बात
■ बदलापुर के उपजिला ग्रामीण अस्पताल की घटना



**बदलापुर.** राष्ट्रवादी शरद पवार समूह ने बदलापुर के उपजिला ग्रामीण अस्पताल के डॉक्टरों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया है। इस अस्पताल में एक डॉक्टर ने एक मरीज से बेहद बदतमीजी की है जिसकारण राकांपा एसपी महासचिव अविनाश देशमुख ने अस्पताल अधीक्षक को ताला और चाबी देकर अस्पताल बंद करने की चेतावनी दी है. सोमवार को राजेश्वर ढेकन अपनी सात साल की बेटी को इलाज के लिए इस अस्पताल में लाए थे. उस समय अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ थी, लेकिन राजेश्वर ने देखा कि कुछ मरीज कतार छोड़कर आगे बढ़ रहे थे. इनमें से कई सैकड़ों मरीज डेढ़ घंटे तक कतार में खड़े रहे. तो राजेश्वर ने वहां मौजूद सुरक्षा गार्ड से ध्यान देने का अनुरोध किया. लेकिन डॉ. शॉन नांदूरकर ने राजेश्वर के साथ असभ्य भाषा का प्रयोग किया। इसकी जानकारी जैसे ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को मिली तब अविनाश देशमुख अस्पताल पहुंचे और अधीक्षक को ताला और चाबी दी. साथ ही अविनाश देशमुख ने यह भी मांग की कि मरीजों से बदतमीजी से बात करने वाले डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए.

# बदलापुर में सब्जी विक्रेताओं ने किया साप्ताहिक बाजार का विरोध

## साप्ताहिक बाजार बंद करने की मांग को लेकर सब्जी विक्रेताओं ने नगरपालिका पर निकाला मोर्चा




**बदलापुर.** स्थानीय सब्जी विक्रेताओं ने अब स्थानीय प्रतिनिधियों के आशीर्वाद से शहर के विभिन्न हिस्सों में खुले स्थानों पर लगने वाले साप्ताहिक बाजारों का विरोध किया है। बदलापुर में स्थानीय सब्जी विक्रेताओं ने सोमवार को कुलगांव बदलापुर नगर पालिका के खिलाफ विरोध मार्च निकाला और शहर में चल रहे अवैध साप्ताहिक बाजारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। यह मोर्चा बहुजन मुक्ति पार्टी द्वारा आयोजित किया गया था।

बदलापुर शहर में दिन-प्रतिदिन नए आवासीय परिसर परियोजनाएं बनाई जा रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में यहां का बाजार और मोबाइल विक्रेताओं की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है। इसके अलावा, शहर के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर अलग-अलग दिनों पर साप्ताहिक बाजार लगने शुरू हो गए हैं। यह बाजार मध्यम वर्ग के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहा है और इसे अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।

हालांकि, स्थानीय सब्जी विक्रेताओं ने अब इन साप्ताहिक बाजारों का विरोध करना शुरू कर दिया है। इन साप्ताहिक बाजारों ने नियमित सब्जी विक्रेताओं के व्यवसाय को बाधित कर दिया है। इससे न केवल सब्जी विक्रेता बल्कि बर्तन, कपड़े व अन्य सामान बेचने वाले भी परेशान हैं और उनका कारोबार भी प्रभावित हुआ है। बदलापुर के सब्जी विक्रेताओं ने पिछले सप्ताह उस साप्ताहिक बाजार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। तदनुसार, यह मोर्चा बहुजन मुक्ति पार्टी के नीलेश येलवे के नेतृत्व में निकाला गया। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जातीं और इन साप्ताहिक बाजारों को बंद करके इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक हम अपना विरोध प्रदर्शन स्थगित नहीं करेंगे। सब्जी विक्रेता संघ के बदलापुर अध्यक्ष नीलेश येलवे और सुरेश उर्फ मामा जाबलेकर ने भी संकेत दिया है कि वे भूख हड़ताल पर जाएंगे।

### नपा कार्रवाई करेगी

कुलगांव बदलापुर नगर पालिका मुख्य अधिकारी मारुति गायकवाड़ ने आश्वासन दिया है कि शहर में निजी और सार्वजनिक स्थानों पर संचालित बाजारों की जानकारी लेकर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, उच्च न्यायालय के नियमानुसार रेलवे स्टेशन परिसर से 150 मीटर की दूरी पर रेहड़ी-पटरी मुक्त क्षेत्र के संबंध में नियम हैं, तथा इसके अनुसार स्थानीय सब्जी विक्रेताओं को इस क्षेत्र में बैठकर सब्जी नहीं बेचनी चाहिए, अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# धूम स्टाइल में बाइक चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई



**कल्याण.** पुलिस ने धूम स्टाइल में तेज गति से वाहन चलाने वाले तथा एक बाइक पर तीन से चार लोगों को बैठाकर दोपहिया वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। पिछले दो दिनों में 150 से अधिक लोगों के खिलाफ यह दंडात्मक कार्रवाई की गई है।

कल्याण-डोंबिवली शहर में रात 10 बजे से लेकर आधी रात के बीच, यानी रात में एक या दो बजे के आसपास, कुछ युवा लोग सड़कों पर बेपरवाह अंदाज में बाइक चलाते हैं। डोंबिवली में टंडन रोड, सावरकर रोड, ठाकुर्ली में 90 फुट रोड, कल्याण पूर्व में 100 फुट रोड, कल्याण पूर्व पुणे लिंक रोड, गंधार ब्रिज से पडघा रोड, टिटवाला जैसे इलाकों में दोपहिया वाहन इत्मीनान से चल रहे हैं। वाडेघर बाईपास रोड, मोठागांव मानकोली रोड, फड़के रोड में तेज गति से बाइक सवार वाहन चलाते हैं. जिनमें से कर्कश आवाजें भी निकलती हैं। चूंकि ये घटनाएं रात में होती हैं, इससे शांति भंग होती है। नागरिकों की नींद उड़ी हुई है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और मरीज इस तेज आवाज से सबसे ज्यादा परेशान होते हैं।

कल्याण-डोंबिवली शहर में रात के समय तेज गति से दोपहिया वाहन चलाने वालों के उपद्रव को देखते हुए पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने स्थानीय पुलिस थानों को ऐसे वाहन चालकों पर कड़ी नजर रखने का आदेश दिया है। पिछले दो दिनों में स्थानीय पुलिस ने शहर के विभिन्न हिस्सों में रात के समय तेज गति से वाहन चलाने वाले 150 युवा दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। ऐसे वाहन चालकों को पकड़कर 100 उठक-बैठक करवाई जाती है और फिर जुर्माना लगाया जाता है। इस कार्रवाई के बाद यदि बाइक सवार दोबारा ऐसा कृत्य करते पाया गया तो उसके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाएगी।

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## एक पत्रकार की हत्या

पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या की घटना से एक बार फिर यही साबित हुआ है कि व्यवस्थागत पारदर्शिता और कानून-व्यवस्था के तमाम दावों के बावजूद आज भी अवैध गतिविधियों को उजागर करना और दुनिया को सच बताना जोखिम का काम है। एक कमजोर पृष्ठभूमि वाले परिवार से निकले मुकेश चंद्राकर ने पत्रकारिता का पेशा चुना और कई बार खबरों के लिए जोखिम उठाते थे। मगर उनका यही साहस शायद कुछ लोगों की आंखों में खटकने लगा था।

एक जनवरी की रात से वे लापता थे और बाद में उनका शव एक ठेकेदार के परिसर के सेप्टिक टैंक से बरामद किया गया। पोस्टमार्टम से पता चला कि उनकी बहुत बर्बरता से हत्या की गई थी। अब हत्या के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। खबरों के मुताबिक, इस हत्या का संबंध सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार से जुड़ी उस खबर से हो सकता है, जिसमें मुख्य आरोपी ठेकेदार को कठघरे में खड़ा किया गया था। इस प्रकरण से साफ है कि देश में दूरदराज के इलाकों में सच की खोज और उसका खुलासा किस स्तर तक एक जोखिम भरा काम हो चुका है।

सवाल है कि राज्य में कानून-व्यवस्था की क्या स्थिति है कि कोई ठेकेदार बिना किसी बाधा के अपनी भ्रष्ट गतिविधियां चलाता है और उसे किसी तरह की कानूनी रोकटोक का सामना नहीं करना पड़ता। यही नहीं, सच के लिए जोखिम उठाने वाले एक पत्रकार की हत्या कर दी गई। साफ है कि यह एक ओर भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार के ढीले-ढाले रवैये का सूचक है, तो दूसरी ओर, राज्य की कानून-व्यवस्था की लाचारगी का भी सबूत कि बर्बरता से पत्रकार की हत्या करने वालों को किसी का खौफ नहीं था।

यह घटना बताती है कि दूरदराज के इलाकों में खबरें निकालने के काम में जुटे पत्रकारों पर हर समय किस स्तर का खतरा मंडराता रहता है। सरकार की लाचारगी और कानून-व्यवस्था के खोखलेपन का आलम यह है कि वह न तो भ्रष्ट और आपराधिक तत्त्वों पर नकेल कस पाती है और न ही उनकी गतिविधियों को दुनिया के सामने लाने वाले पत्रकारों की सुरक्षा मुहैया करा पाती है। ऐसे में, सच के सामने पैदा हो रहे जोखिम का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# नेता भी रिटायर होना सीखें, युवाओं को करें प्रेरित

अपने देश में नेता कभी रिटायर नहीं होना चाहते। भले ही उनकी कितनी ही उम्र क्यों न हो जाए या फिर सेहत और शरीर भी उनका साथ छोड़ने लगे, लेकिन उन्हें राजनीति से किनारा करना कभी रास नहीं आता। कुछ नेता समय के साथ अप्रासंगिक हो जाते हैं तो कुछ तमाम अंतिम सांस तक सक्रिय रहते हैं। इस कड़ी में जयप्रकाश नारायण यानी जेपी और नानाजी देशमुख जैसे इक्का-दुक्का अपवाद ही नजर आते हैं, जो अपनी इच्छा के अनुरूप राजनीति से विदाई लेते हैं।

कुछ समय पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पूर्व गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे की आत्मकथा के विमोचन के अवसर पर कहा था, 'मुझे नहीं लगता कि किसी को भी राजनीति से रिटायर होना चाहिए। जो किसी विचारधारा में विश्वास रखते हैं, जो राष्ट्र की सेवा, अपने समाज की सेवा करना चाहते हैं, उन्हें अंत तक ऐसा करना चाहिए।'

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनेता राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उनके निर्णय और योगदान करोड़ों लोगों की नियति पर असर डालता है। ऐसे में उनसे यही अपेक्षा होती है कि वे समझदारी भरे विकल्प अपनाएं और विवेकसम्मत निर्णय करें। एक कनाडाई दार्शनिक-लेखक मात्सोना धालीवायो ने यथार्थ ही कहा है, 'एक अच्छा चरवाहा वही होता है, जो पहले अपनी भेड़ों का पेट भरे, भले ही वह खुद कितना ही भूखा क्यों न हो।' यह बात नेतृत्वकर्ताओं पर भी लागू होती है।



जेपी ने राजनीति से संन्यास ले लिया था, लेकिन देश में संवैधानिक व्यवस्था वाले लोकतांत्रिक ढांचे की बहाली के लिए संन्यास तोड़कर आंदोलन का नेतृत्व किया। राजनीतिक जीवन के दौरान का अनुभव और विशेषज्ञता उसमें बड़े मददगार रहे और संभवतः यह भी एक कारण रहा कि वह आंदोलन को नेतृत्व प्रदान कर सके। हालांकि एक ऐसे गतिशील समाज में जहां सामाजिक-आर्थिक ढांचा बड़ी तेज गति से बदल रहा हो, वहां केवल अनुभव ही पर्याप्त नहीं।

विशेषज्ञता विशेष माहौल एवं परिस्थितियों में ही कहीं अधिक प्रासंगिक होती है। नोबेल पुरस्कार विजेता डेनियल काह्नमैन ने लिखा है, 'कुछ ऐसे क्षेत्र होते हैं, जिनमें विशेषज्ञता संभव ही नहीं। शेयरों का चयन इसका एक अच्छा उदाहरण है। दीर्घकालिक राजनीतिक-रणनीतिक अनुमानों के मामले में भी विशेषज्ञ किसी पासा फेंकने वाले बंदर से बेहतर नहीं।'

नेपोलियन बोनापार्ट का कथन है, 'ए लीडर इज ए डीलर इन होप' यानी नेता उम्मीदें परवान चढ़ाने वाला व्यापारी ही होता है। इस समय दुनिया भर में कई पीढ़ियों का संगम दिखता है। इनमें 1925 से 1945 के बीच पैदा हुई साइलेंट जेनरेशन, 1946-64 के बीच के बेबी बूमर्स, 1965-79 के जेन एक्स, 1980-94 के मिलेनियल्स, 1997-2012 के जेन जेड और 2012 के बाद की अल्फा जेनरेशन प्रमुख हैं। ये सभी अपने-अपने जीवन की अनिश्चितताओं से दो-चार हैं। उनकी आशाएं, आकांक्षाएं, प्राथमिकताएं और यहीं तक कि पसंद भी हमेशा एकसमान नहीं दिखेगी। नेताओं की अधिकांश नीतियां विभिन्न पीढ़ियों की आशाओं एवं आकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरतीं।

भारतीय राजनीति पर फिलहाल बेबी बूमर्स वाली पीढ़ी का वर्चस्व है। नेताओं के लिए मतदाताओं की अपेक्षाओं को समझना ही उनके साथ जुड़ाव की कुंजी होती है और उनमें अपनी पीढ़ी से इतर का तबका भी होता है। आज अधिकांश नेता शारीरिक रूप से इतने चुस्त-दुरुस्त नहीं कि वे उन लोगों से नियमित संवाद कर सकें, जिनके वोट से चुनाव जीतना चाहते हैं। चुनाव हारने के बाद या हार की आशंका को देखते हुए वे राज्यसभा या विधान परिषद के जरिये पिछले दरवाजे से प्रवेश पा जाते हैं।

कई मामले यही दर्शाते हैं कि राजनीति अब नेताओं की जीवनशैली का हिस्सा बन गई है। नेता अतीत की सद्भावनाओं के सहारे ही नैया पार लगाने के प्रयास में लगे रहते हैं। इसमें भी अक्सर अतिरेक हो जाता है। पद और कुर्सी के प्रति मोह, सुर्खियों में बने रहने की आदत और सुख-सुविधाएं ऐसे नेताओं को समझौते करने पर मजबूर करती हैं। विचारधारा जैसे पहलू इसमें गौण हो जा रहे हैं, क्योंकि पाला बदलते ही विचारधारा का कोई मूल्य-महत्व नहीं रह जाता।





आत्मा अंतर में हमेशा मिठास की अवस्था में रहती है, चाहे हमारा बाहरी जीवन कितना भी कठिन क्यों न हो।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# नक्सलियों का गढ़ बना हुआ है छत्तीसगढ़

देश के विभिन्न नक्सल प्रभावित इलाकों में धीरे-धीरे शांति देखी जाने लगी है। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड आदि में अब पहले की तरह नक्सली हमलों में कमी दर्ज हुई है। मगर छत्तीसगढ़ अब भी नक्सलियों का गढ़ बना हुआ है। उन पर काबू पाने के लिए राज्य और केंद्र के अभियान लगातार चलाए जाते हैं। इसमें अक्सर नक्सलियों के मारे जाने की खबरें आती रहती हैं। मगर इससे नक्सलियों पर पूरी तरह लगाम लगा पाना अब भी चुनौती बना हुआ है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि अगले साल तक नक्सलवाद का सफाया कर दिया जाएगा। इसके मद्देनजर छत्तीसगढ़ के सघन वनों में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिए गए हैं। मगर सुरक्षाबलों की कार्रवाई के जवाब में नक्सली भी बड़े हमले करने की साजिशें रचने में कामयाब देखे जाते हैं। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में हुआ ताजा नक्सली हमला इसी का एक उदाहरण है।

बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले सुरक्षाबलों के अभियान के जवाब में नक्सलियों ने यह हमला किया। जब दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर का संयुक्त दल तलाशी अभियान से वापस लौट रहा था, तब घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने उनके वाहन पर हमला कर दिया। इसमें आठ सुरक्षाकर्मी और एक वाहन चालक मारे गए।

इस हमले में आईईडी विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। इसकी शक्ति आम विस्फोटकों से कई गुना अधिक होती है। सरकार अक्सर दावा करती है कि नक्सलियों का लगभग सफाया कर दिया गया है और अब वे कुछ सीमित इलाकों



तक सिमट कर रह गए हैं। मगर यह समझना मुश्किल है कि इतनी चौकसी के बावजूद नक्सलियों के पास अत्याधुनिक हथियार और विस्फटोक किस तरह और कहां से पहुंच पा रहे हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर और दंतेवाड़ा क्षेत्र में सघन जंगल होने की वजह से नक्सलियों के खिलाफ अभियान में मुश्किलें आती हैं।

उनकी तलाशी और उन पर नजर रखना कठिन है। यही इलाका नक्सलियों का गढ़ बना हुआ है और सबसे अधिक इसी क्षेत्र में वे सुरक्षाबलों पर हमले करने में कामयाब होते हैं। मगर यह समस्या कोई नई नहीं है। इसके लिए हेलीकाप्टर से टोह लेने की योजना बनी थी। वैसे भी आजकल इतने अत्याधुनिक टोही उपकरण उपलब्ध हैं कि उनसे जंगलों में चल रही गतिविधियों का पता लगाना मुश्किल नहीं माना जा सकता। इसके बावजूद अगर नक्सली सुरक्षाबलों की योजनाओं और गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए रख पा रहे हैं, विस्फोटक और हथियार हासिल करने में कामयाब हो जा रहे हैं, तो इससे सुरक्षाबलों को अपनी रणनीति में बदलाव की अपेक्षा की जाती है।

नक्सलवाद का उभार आदिवासी इलाकों में जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए हुआ था, मगर अभी वह जिस रूप में अपनी जड़ें जमा चुका है, वह आतंकी गतिविधियों की शक्ल अख्तियार करता गया है। अब तो उनमें सरकार के साथ बातचीत का रुख भी नजर नहीं आता। अगर उन तक अत्याधुनिक हथियार और विस्फोटक पहुंच रहे हैं, तो जाहिर है, उनके पास बाहर से वित्तीय मदद भी पहुंच रही है।

इन सबके रास्ते सुरक्षाबलों और खुफिया तंत्र की नजर से कैसे ओझल बने हुए हैं, समझ से परे है। नक्सलवाद के खात्मे का भरोसा तब तक नहीं किया जा सकता, जब तक कि उन तक पहुंचने वाली वित्तीय मदद, हथियार, विस्फोटकों और अत्याधुनिक सूचना तकनीक आदि पर अंकुश न लगा ली जाए।

# 8 साल पहले बिछड़े थे, वायरल वीडियो ने कराया मिलन

**जरा हट के**

झारखंड के बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड के कथारा बांध कॉलोनी की रहने वाली शोभा देवी की कहानी कुछ ऐसी ही है. 18 साल पहले अपने परिवार से बिछड़ी शोभा देवी हाल ही में सोशल मीडिया की मदद से अपनी मां और परिवार से मिल पाईं.

शोभा देवी 18 साल पहले अपने पति के साथ काम की तलाश में दिल्ली गई थीं. लेकिन दुर्भाग्यवश, दिल्ली में ही वह अपने पति और बाकी परिवार से बिछड़ गईं. मानसिक रूप से असक्षम होने के कारण वह भटकते हुए हरिद्वार पहुंच गईं, जहां उन्होंने अपने एक साल के बेटे के साथ संघर्षपूर्ण जीवन व्यतीत किया. इन 18 सालों में शोभा और उनके बेटे कृष्ण ने काफी कठिनाइयों का सामना किया. कृष्ण ने बताया कि वे हरिद्वार में गंगा में श्रद्धालुओं द्वारा फेंके गए सिक्कों को इकट्ठा करते और उन्हीं पैसों से लंगर में खाना खाकर अपनी भूख मिटाते थे.



हाल ही में, हरिद्वार के एक समाजसेवी नारायण शर्मा ने शोभा की मदद के लिए फेसबुक और यूट्यूब पर एक वीडियो साझा किया. यह वीडियो वायरल हो गया और 28 दिसंबर 2024 को शोभा की मौसेरी बहन ने इसे देखा. उन्होंने तुरंत परिवार को सूचित किया. शोभा के परिवार ने तुरंत कार्रवाई की. उनके चाचा कुलदीप और परिवार के अन्य सदस्य ने पुलिस की मदद से वीडियो की लोकेशन ट्रेस की. वे हरिद्वार पहुंचे और वहां से शोभा और उनके बेटे कृष्ण को बोकारो वापस ले आए.

शोभा की मां, ललकी देवी, ने कहा कि अपनी बेटी को इतने वर्षों बाद पाकर मैं बहुत खुश हूं. इतने सालों का इंतजार आज खत्म हुआ है. उन्होंने बताया कि शोभा और उनके पति दोनों मानसिक रूप से असक्षम हैं, जिसके कारण उन्हें खोजने में परिवार को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा.

शोभा के बेटे कृष्ण ने अपने कठिन जीवन के बारे में बताया. हरिद्वार में उन्हें हर दिन जीवित रहने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन अब परिवार के बीच आकर वो काफी खुश हैं.


# गुड़ वाला मखाना

**खाना-खजाना**

**मखाना एक ऐसा ड्राई फ्रूट है जो पोशक तत्वों से भरपूर है। इसमें कैलोरी, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम के अलावा मैग्नीशियम, पोटैशियम और फॉस्फोरस भी होता है। मखाने को स्नैकिंग के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। इसे कई फ्लेवर के साथ बनाया जाता है। ऐसे में मखाना और गुड़ को एक साथ मिलाकर भी टेस्टी मखाने बना सकते हैं। इसे खाने से फायदे भी मिल सकते हैं। मखाना और गुड एक साथ खाएंगे तो इससे आपको खूब पोषक तत्व एक साथ मिल जाएंगे। हड्डी को मजबूत बनाने, कब्ज से निपटने और वजन बढ़ाने के लिए गुड़ मखाना फायदेमंद होता है। यहां हम गुड़ मखाना घर पर बनाने का तरीका बता रहे हैं। अगर आपका बच्चा बाजार के चिप्स खाता है तो आप उन्हें भी मखाने के साथ रिप्लेस कर सकते हैं।**

### सामग्री :

- 1/2 कप गुड़
- 1 बड़ा चम्मच घी
- 2 बड़ी कटोरी मखाना
- 1 बड़ा चम्मच तिल के बीज
- 1 चम्मच पानी
- नमक की चुटकी



### कैसे बनाएं

गुड़ मखाना बनाने के लिए आप सबसे पहले घी गर्म करें और फिर इसमें मखाने और नमक डालकर भून लें। जब तक की मखाने पूरी तरह से क्रिस्पी न हो जाएं। जब मखाने अच्छे से सिक जाएं तो इन्हें एक बर्तन में अलग निकाल कर रख लें। अब फिर से कढ़ाई में घी गर्म करें और फिर इसमें गुड़ मिला दें। इसे अच्छे से मिक्स करते रहें और फिर पानी मिलाएं जब ये पतला हो जाए तो इसमें मखाना मिला दें। फिर तिल के बीज इसमें डालें और अच्छे से मिक्स करें। जब मखाने गुड़ के साथ मिल जाएं तो एक बटर पेपर पर इन्हें निकालें और ठंडा होने के बाद एक-एक मखाने को अलग कर दें। अब इन मखानों को एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें। स्नैकिंग के लिए आप गुड़ मखाना खा सकते हैं। खाना खाने के बाद मीठा खाने की क्रेविंग हो तो भी आप गुड़ मखाना खा सकते हैं।

# बिना जूसर मशीन के बनाएं गाजर का जूस

### इन 2 ट्रिक से निकाल लेंगे किसी भी सब्जी का रस

सर्दियों में जिन सब्जियों की सबसे ज्यादा डिमांड होती है, गाजर भी उन्हीं में से एक है। गाजर में एंटीऑक्सीडेंट्स, बीटा कैरोटीन, फाइबर, विटामिन के और पोस्टेशियम जैसे ढेरों पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो इम्यूनिटी बढ़ाने से ले कर आई हेल्थ, डाइजेशन, स्किन हेल्थ, हार्ट हेल्थ और बॉडी को डिटॉक्स करने का काम करते हैं। गाजर को कई तरह से अपनी डाइट में शामिल किया जा सकता है लेकिन अधिकतर लोग सुबह खाली पेट गाजर का जूस पीना प्रिफर करते हैं। अब घर में जूसर मशीन हो तो जूस बनाना मिनटों का काम है लेकिन कई बार जूसर मशीन ना होने की वजह से लोग जूस का मजा उठा ही नहीं पाते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा ही है तो आज हम आपको बिना जूसर के गाजर का जूस बनाने के दो आसान तरीके बताने वाले हैं। आइए जानते हैं।

### बिना जूसर और मिक्सर के बनाएं जूस

अगर आपके घर में जूसर और मिक्सर दोनों ही नहीं है तब भी आप बड़ी आसानी से गाजर का जूस बना सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले सही गाजर का चयन करें। इसके लिए गाजर को थोड़ा सा काट कर देखें। अगर गाजर में पीला भाग कम है तो इसका मतलब गाजर में अच्छी मात्रा में जूस मौजूद है। जूस निकालने के लिए हमेशा थोड़ी लाल गाजर का इस्तेमाल करें। इससे ढेर सारा जूस बनकर तैयार होता है।



जूस बनाने के लिए गाजर को अच्छी तरह धो कर छील लें। अब ग्रेटर की मदद से गाजर को अच्छी तरह कद्दूकस कर लें। अब एक गिलास में उतना पानी भरें जितना आपको जूस पीना है। इसमें कद्दूकस की हुई गाजर मिला दें। गाजर की मात्रा अच्छी खासी होनी चाहिए। अब गिलास को ढक कर लगभग तीन घंटे के लिए छोड़ दें। इससे गाजर के पोषक तत्व पानी में अच्छी तरह मिल जाएंगे। जब भी आपको जूस पीना हो लगभग तीन घंटे पहले उसे बनने के लिए रख दें। इसे छानकर, इसमें थोड़ा सा नींबू का रस, काली मिर्च, काला नमक डालकर पीएं।

### इस ट्रिक से भी बना सकते हैं जूस

अगर आपके घर में मिक्सर ग्राइंडर मौजूद है लेकिन जूसर नहीं है, तो आप मिक्सर की मदद से ही फटाफट गाजर का हेल्दी और टेस्टी जूस बनाकर तैयार कर सकते हैं। इसके लिए गाजर को अच्छी तरह धो कर छील लें। अब इसे छोटे टुकड़ों में काटकर मिक्सर में डाल दें। पेस्ट बनाने के लिए हल्का सा पानी भी एड करें। जब ये एक अच्छा सा पेस्ट बन जाए तो किसी बड़ी छलनी में डालकर चम्मच से प्रेस करते हुए जूस निकाल लें। इस तरीके से आप मिनटों में ही ढेर सारा गाजर का जूस बना लेंगे, वो भी बिना जूसर के।

# अब करेले की कड़वाहट से नहीं बिगड़ेगा मुंह का स्वाद

वैसे तो करेले को सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद सब्जी माना जाता है. इसमे फाइबर, आयरन, विटामिन-A, विटामिन-C और जिंक भरपूर मात्रा में पाया जाता है. करेले के कड़वे स्वाद की वजह से लोग इसे बहुत ही कम पसंद करते हैं. ऐसे में आज हम आपको कुछ टिप्स बताएंगे. इस माध्यम से आप इसकी कड़वाहट को कम कर सकते हैं.



- वैसे तो करेले का सेवन शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक होता है. आज हम आपको करेले की कड़वाहट कम करने की टिप्स बताएंगे. सबसे पहले करेले को पतले टुकड़ों में काटकर उसमें थोड़ा नमक लगाएं. 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर धो लें. इससे कड़वाहट काफी हद तक कम हो जाती है.
- करेले को काटकर उसमें हल्दी और दही लगाएं. इसे आधे घंटे तक रखकर धो लें. इससे कड़वाहट कम हो जाती है और स्वाद बढ़ जाता है.
- करेले को उबलते पानी में कुछ मिनट के लिए डालें. इसमें थोड़ा नमक डालकर छोड़ दें. इससे कड़वाहट कम होती है और करेला नरम हो जाता है.
- करेले को प्याज और मसालों के साथ पकाने से इसकी कड़वाहट कम हो जाती है. प्याज का मीठा स्वाद करेले के स्वाद को बैलेंस करता है.
- करेले में नींबू का रस लगाकर 10-15 मिनट तक छोड़ दें. फिर इसे अच्छे से धो लें. नींबू का खट्टापन कड़वाहट को खत्म कर देता है.

# क्या हेयर डाई के केमिकल से कैंसर होता है?



### स्ट्रैटनिंग प्रोडक्ट से भी खतरा !

बालों को डाई करने वाले केमिकल और बालों को स्मूथनिंग या स्ट्रैंथिंग करने वाले प्रोडक्ट में कैंसर फैलाने वाले कार्सिनोजेन हो सकता है. इससे ब्रेस्ट कैंसर का खतरा ज्यादा रहता है. रिसर्च में सामने आई इस बात से एक्सपर्ट में कई तरहें की चिंताएं हैं क्योंकि आजकल अधिकांश लोग बालों को डाई करते हैं. कुछ लोग नियमित तौर पर बालों को स्मूथनिंग या स्ट्रैंथिंग कराते हैं. टीओआई की खबर में मैक्स सुपर स्पैशिएलिटी अस्पताल के सीनियर मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सज्जन राजपुरोहित कहते हैं कि हेयर डाई और हेयर स्ट्रैटनर में फॉर्मलडिहाइड, पैराबींस और अन्य कई तरह के हानिकारक केमिकल होते हैं. इनमें से कुछ केमिकल हार्मोन को डिस्टर्ब करने लगते हैं. इसे कैंसर के लिए जिम्मेदार एजेंट या कार्सिनोजेन कहा जाता है. चूंकि महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन ब्रेस्ट कैंसर को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिक निभाते हैं. इसलिए इससे समझा जाता है कि अगर हार्मोन में डिस्टर्ब हुआ है तो एस्ट्रोजेन के प्रभाव से महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर हो सकता है.

### अश्वेत महिलाओं को खतरा ज्यादा

2019 में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के एक अध्ययन में यह बात सामने आई थी कि जो महिलाएं स्थायी तौर पर हेयर डाई का इस्तेमाल करती है या बालों को स्ट्रैटनिंग कराती हैं उनमें ब्रेस्ट कैंसर का खतरा ज्यादा रहता है. अध्ययन के मुताबिक अश्वेत महिलाओं में इस तरह का खतरा ज्यादा रहता है क्योंकि उनके बालों का टेक्सचर अलग तरह का होता है जिसमें इस तरह के प्रोडक्ट का ज्यादा इस्तेमाल होता है. हालांकि ऐसा नहीं है कि जो महिलाएं डाई करती हैं उनमें सबको यह बीमारी हो ही. यह बहुत कम महिलाओं में होती है और सामान्यतया इसका खतरा बहुत कम ही रहता है. एक्सपर्ट कहते हैं कि यह भी समझ लेना चाहिए ब्रेस्ट कैंसर के लिए एक-दो फेक्टर नहीं बल्कि कई तरह के कारण जिम्मेदार होते हैं. लाइफस्टाइल, डाइट, जीन, पर्यावरण जैसे कारण इसके लिए प्रमुख रूप से जिम्मेदार होते हैं. लेकिन यदि आप ब्रेस्ट कैंसर को लेकर ज्यादा सतर्क हैं तो कुछ एहतियात जरूर अपने जीवन में उतार लेना चाहिए.

### रिस्क को कम करने के तरीके

अगर आप हेयर डाई कराना चाहते हैं तो नेचुरल प्रोडक्ट या ऑर्गेनिक प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें. ऐसे प्रोडक्ट को चुनें जिसमें हानिकारक केमिकल नहीं हो. परमानेंट हेयर डाई या केमिकल स्ट्रैटनर से बचें. किसी भी तरह के कैंसर से बचने के लिए बैलेंस डाइट अपनाएं. रोज हरी पत्तीदार सब्जियां, ताजे फल, सी*, ड्राई फ्रूट्स आदि का सेवन करें. ध्यान रखें लाइफस्टाइल को हेल्दी बनाना आपके ऑवरऑल सेहत के लिए बेहद आवश्यक है. यह न सिर्फ आपको कैंसर से बचाता है बल्कि हर तरह की बीमारियों के खतरे को कम करता है. इसमें आप हेल्दी डाइट और रेगुलर एक्सरसाइज को हर दिन अपनाना चाहिए.

## आज का राशिफल

**मेष** : आज आपको किसी प्रभावशाली वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। वस्तुएं संभालकर रखें।

**वृषभ** : स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। आय में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। निवेशादि लाभदायक रहेंगे। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। दुष्टजनों से सावधान रहें। हानि पहुंचा सकते हैं। प्रमाद न करें।

**मिथुन** : शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क** : घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। दौड़धूप होगी। विवाद से क्लेश होगा। किसी व्यक्ति के व्यवहार से मन को ठेस पहुंच सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धनहानि की आशंका बनती है। दुःखद समाचार प्राप्त होगा, धैर्य रखें। आय बनी रहेगी।

**सिंह** : आज का दिन व्यापार-व्यवसाय में अधिक लाभदायक रहेगा।। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय हो सकता है।

**कन्या** : पारिवारिक मित्र व संबंधी अतिथियों के रूप में घर आ सकते हैं। वाणी पर नियंत्रण रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। कारोबार ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। बुरे लोगों की पहचान जरूरी है। उनसे दूर रहें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

**तुला** : आज आपको व्यापार में अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लंबी हो सकती है।

**वृश्चिक** : व्यापार ठीक चलेगा। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। कुसंगति से बचें। धनहानि हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**धनु** : धनागम होगा। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। व्यापार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेवजह चिड़चिड़ापन रह सकता है।

**मकर** : किसी व्यक्ति के व्यवहार से लगेगा कि अपमान हुआ है। नई योजना बनेगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन पर विचार हो सकता है। व्यापार ठीक चलेगा। घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। आंखों को चोट व रोग से बचाएं। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**कुंभ** : धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। भाइयों से मतभेद दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा।

**मीन** : आज कारोबार-व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दूसरों पर भरोसा न करें। आशंका-कुशंका के चलते कोई बड़ी गलती हो सकती है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। पुराना रोग उभर सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### भिखारी को दिल दे बैठी छह बच्चों की मां, बाजार जाने के बहाने हो गई फरार

**हरदोई.** आए दिन प्रेम-प्रसंग के तमाम किस्से सुनने और देखने को मिल जाते हैं, लेकिन यूपी के हरदोई जिले से जो मामला सामने आया है वह हैरान-परेशान कर देने वाला है। यहां छह बच्चों की महिला को एक ऐसे व्यक्ति से प्यार हो गया, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। महिला को जिस व्यक्ति से प्यार हुआ वह न तो कोई नौकरीपेशा था और न ही कारोबारी। महिला एक भिखारी से प्यार कर बैठी। भिखारी अक्सर महिला के घर भीख मांगने आता था, इसी दौरान दोनों की नजरें लड़ गईं और एक-दूसरे को दिल दे बैठे। महिला के पति को इसकी खबर ही नहीं लगी। एक दिन महिला बाजार जाने के बहाने भिखारी के साथ रफूचक्कर हो गई।

### गिरफ्तारी से बचाने के लिए दरोगा ने मांगी 50 हजार की रिश्वत, एसीबी ने रंगे हाथ दबोचा

**बरेली.** बरेली में एन्टीकरप्शन की टीम ने बहेड़ी थाने के दरोगा दीपचंद को पचास हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया दरोगा भुड़िया कॉलोनी चौकी पर तैनात है और उसने आरोपी पक्ष के लोगों को हड़काकर गिरफ्तारी से बचाने के नाम पर पचास हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। उत्तराखंड के किच्छा निवासी जीशान मलिक पुत्र इश्तियाक ने भ्रस्टाचार निवारण कार्यालय में शिकायत की कि भुड़िया कॉलोनी चौकी पर तैनात दरोगा दीपचंद द्वारा उसके चाचा और चचेरे भाइयों को को गिरफ़्तार न किए जाने के एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। जिसके बाद एंटीकरप्शन की टीम गठित होने के बाद दरोगा को ट्रेप करने के लिए टीम ने तैयारी की। टीम ने सबसे पहले किच्छा पहुंचकर सूरजमल जीशान को साथ लिया फिर पचार हज़ार के नोटों पर पॉवडर लगाकर शिकायतकर्ता को दे दिया।

### तीन साल की बच्ची से रेप, रोड पर फेंका

**बरेली.** बरेली के कैंट क्षेत्र में तीन साल की बच्ची को बहलाकर युवक साथ ले गया और दुष्कर्म कर सड़क किनारे फेंक दिया। । खून न से से सनी बदहवास बच्ची को लोगों ने देखा तो वहां भीड़ जुट गई। यह देख आरोपी युवक वहां से भागने लगा तो भीड़ ने उसे दबोच लिया और जमकर पिटाई की। बाद में उसे पुलिस को सौंप दिया। इस मामले में पुलिस तहरीर का इंतजार कर रही है। तीन साल की बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। इसी बीच आरोपी 21 वर्षीय युवक वहां आया। वह बच्ची को बहलाकर सुनसान जगह ले गया और दुष्कर्म किया।

# चीन में भूकंप से 95 की मौत, 130 घायल

- रिक्टर स्केल पर 7.1 तीव्रता
- नेपाल-भूटान समेत सिक्किम और उत्तराखंड में भी असर



**नई दिल्ली.** चीन के तिब्बत प्रांत में मंगलवार सुबह आए भूकंप से 95 लोगों की मौत हो गई, जबकि 130 घायल हो गए। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक सुबह 9.05 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 6.30 बजे) आए इस भूकंप का केंद्र तिब्बत के शिजांग में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था।

भारत के नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (NCS) के मुताबिक रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 7.1 थी। भूकंप का असर नेपाल, भूटान सहित भारत के सिक्किम और उत्तराखंड में भी दिखा। फिलहाल भारत में इससे जान माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

NCS ने बताया कि पहले भूकंप के तुरंत बाद इस क्षेत्र में दो और भूकंप आए थे। लोकल अधिकारी लगातार हालात का जायजा ले रहे हैं, इस वजह से हताहतों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक भूकंप के बाद बड़ी संख्या में लोग मलबे में फंस गए हैं। इन्हें रेस्क्यू किया जा रहा है। चीन की CCTV न्यूज के अनुसार चीन की स्टेट काउंसिल ने भूकंप प्रभावित इलाके में टास्क फोर्स भेजी है और लेवल-3 इमरजेंसी घोषित कर दी है।

चीनी वायुसेना भी प्रभावित क्षेत्र में रेस्क्यू के काम में जुटी है। भूकंप की वजह से इलाके का इन्फ्रास्ट्रक्चर बुरी तरह डैमेज हो गया है, जिससे यहां बिजली और पानी दोनों ही कट गए हैं। भूकंप के मद्देनजर चीन ने माउंट एवरेस्ट के टूरिस्ट क्षेत्रों को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया।

लेवल-3 की इमरजेंसी तब डिक्लियर की जाती है जब दुर्घटना इतनी बड़ी हो कि लोकल एडमिनिस्ट्रेशन और स्टेट की सरकार उससे नहीं निपट सकती। ऐसे हालात में केंद्र सरकार अपनी तरफ से तत्काल मदद भेजती है।

# आसाराम को 11 साल में पहली बार जमानत मिली

- सुप्रीम कोर्ट से 31 मार्च तक बेल
- रेप का दोषी जोधपुर जेल में सजा काट रहा



**नई दिल्ली.** जोधपुर सेंट्रल जेल में रेप के आरोप में आजीवन सजा काट रहे आसाराम (83) को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। आसाराम को सूरत के अपने आश्रम में महिला अनुयायी से रेप के मामले में 31 मार्च तक बेल मिली है। हालांकि, उसके जेल से बाहर निकलने की संभावना नहीं है, क्योंकि आसाराम नाबालिग से रेप का भी दोषी है। फिलहाल वह जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। आसाराम को बीते 5 महीने में तीन बार पैरोल भी मिल चुकी है।

### वकील बोले- बाहर नहीं आ सकता

आसाराम के वकील आरएस सलूजा ने बताया- मंगलवार (7 जनवरी) सुप्रीम कोर्ट से पहली बार जमानत दी गई है। आसाराम जमानत के बावजूद बाहर नहीं आ पाएगा। रेप का यह केस गांधीनगर के पास आसाराम के आश्रम में रहने वाली महिला ने दर्ज करवाया था। अब दूसरे केस में जोधपुर हाईकोर्ट में बेल एप्लीकेशन लगाने की तैयारी है। इधर, जमानत पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि आसाराम अपने फॉलोअर्स से नहीं मिल सकता है। वह केस के सबूतों से छेड़छाड़ की कोशिश भी नहीं करेगा।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव 5 फरवरी को

- नतीजे 8 फरवरी को
- डेढ़ करोड़ वोटरों के लिए 33 हजार बूथ बनाए



**नई दिल्ली.** दिल्ली में विधानसभा चुनाव सिंगल फेज में 5 फरवरी को होगा। रिजल्ट 8 फरवरी को आएगा। यह जानकारी चुनाव आयोग ने मंगलवार को दी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि देश की राजधानी में डेढ करोड़ वोटरों के लिए 33 हजार बूथ बनाए गए हैं। 83.49 लाख पुरुष, 79 लाख महिला वोटर्स हैं। 2.08 लाख नए वोटर्स है। 830 वोटर 100 साल की उम्र से ज्यादा हैं।

दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है। इसके अलावा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। इसके चलते 18 फरवरी से पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी कराए जाने की संभावना है।

2020 के विधानसभा चुनावों की घोषणा 6 जनवरी को हुई थी। विधानसभा की सभी 70 सीटों पर 8 फरवरी 2020 को सिंगल फेज में वोटिंग हुई थी और 11 फरवरी को नतीजे घोषित हुए थे।

2020 में आम आदमी पार्टी (AAP) को 53.57% वोट के साथ 62 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा को 8 सीटों सहित कुल 38.51% वोट मिले थे।

वहीं, कांग्रेस को 4.26% वोट मिले थे, लेकिन पार्टी अपना खाता खोलने में भी नाकाम रही थी। 2015 के चुनाव में भी कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी।

# शक का इलाज हकीम लुकमान के पास भी नहीं : चुनाव आयोग

- EVM और वोट प्रतिशत वाले आरोपों पर आयोग

**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर आज चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान कर दिया है। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए 5 फरवरी को वोटिंग और 8 फरवरी को काउंटिंग होगी। आज तारीखों के ऐलान के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। तारीखों के ऐलान से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने ईवीएम हैकिंग और शाम पांच बजे के बाद अचानक वोट प्रतिशत में बढ़ोत्तरी को लेकर उठे आरोपों का जवाब दिया।




उन्होंने कहा कि कोर्ट ने भी माना है कि ईवीएम हैक नहीं की जा सकती। ईवीएम में कोई भी वायरस नहीं आ सकता। ऐसे में शक का इलाज हकीम लुकमान के पास भी नहीं है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हम बहुत जल्द ही 100 करोड़ मतदाताओं वाला देश बनने जा रहे हैं, मतदाताओं की कुल संख्या 99 करोड़ को पार कर चुकी है। 2024 के चुनाव के दौरान कई तरह की बातें सामने आईं। ऐसे आरोप लगाए गए कि ईवीएम से चुनाव नहीं कराया जाना चाहिए, क्योंकि मशीन को हैक किया जा सकता है। पोस्टल बैलेट से चुनाव की वकालत की गई।

### ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं हो सकती

राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव से सात से आठ दिन पहले ईवीएम तैयार होती है। एजेंट के सामने ईवीएम को सील किया जाता है। मतदान के बाद ईवीएम सील की जाती है। ईवीएम में छेड़छाड़ की बात में कोई दम नहीं है। कोर्ट ने भी माना है कि ईवीएम को हैक नहीं किया जा सकता। ईवीएम में अवैध वोट की भी संभावना नहीं है। ईवीएम पर सभी प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है।

# अनशन पर बैठे डल्लेवाल अचानक हुए बेहोश

- पल्स रेट-BP गिरा
- डॉक्टरों ने हाथ-पैर मसले, पानी पिलाया
- एक घंटे बाद होश आया



**नई दिल्ली.** हरियाणा-पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर 42 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत डल्लेवाल की सोमवार (6 जनवरी) रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। वे करीब एक घंटे तक बेहोश रहे। उनकी पल्स रेट 42 और ब्लड प्रेशर (BP) की अपर रेंज 80 और लोअर रेंज 56 तक आ गई, जबकि 60 से ज्यादा उम्र के पुरुष का सामान्य BP रेट 133/69 होता है।

वहां मौजूद डॉक्टरों की टीम ने उनके हाथ-पैर मसले। जिसके बाद उन्हें होश आया। इसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें पानी पिलाया। डल्लेवाल की तबीयत का पता चलते ही मोर्चे पर मौजूद सभी किसान जाग गए। उन्होंने रात को ही डल्लेवाल की सेहत को लेकर सतनाम वाहेगुरु का जाप करना शुरू कर दिया।

# सूरत में गैस सिलेंडर ब्लास्ट से 6 लोग झुलसे

**सूरत.** सूरत के पुणागाम इलाके में राधाकृष्ण सोसायटी के एक घर में गैस सिलेंडर ब्लास्ट से एक ही परिवार के पांच सदस्यों सहित छह लोग झुलस गए। सभी को इलाज के लिए स्मीमेर अस्पताल ले जाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार घायलों में तीन की हालत गंभीर है, जिन्हें एक निजी अस्पताल रेफर किया गया है। आग में झुलसा परिवार बिल्डिंग में एक कमरा किराए पर लेकर रह रहा था।

### ब्लास्ट से दीवारें और खिड़कियां टूटीं

जांच में पता चला है कि रात में कमरे में गैस सिलेंडर लीक होने के बाद सुबह किसी चिंगारी से सिलेंडर में आग लग गई और वह ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट से घर की दीवारें और खिड़कियां टूट गई थीं। कमरे में आग लगने से सभी 6 लोग झुलस गए और जान बचाने घर से बाहर भागे। आसपास के लोगों ने सभी को अस्पताल पहुंचाया।

# प्रशांत किशोर की हालत गंभीर, आईसीयू में भर्ती

**नई दिल्ली.** जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर की तबीयत 2 जनवरी से चल रहे बेमियादी अनशन के छठे दिन बिगड़ गई है। छह दिन से सिर्फ पानी पर रहने के कारण के कारण डॉक्टरों ने उनकी हालत को गंभीर बताया है। प्रशांत किशोर को पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उन्हें आईसीयू में रखा गया है। अनशन जारी रखने पर अड़े प्रशांत किशोर मुंह से खाने वाली दवा तक नहीं ले रहे हैं। इस बीच उनकी पत्नी डॉक्टर जाह्नवी दास को दिल्ली को बुलाया गया है जो एक चिकित्सक हैं। सूत्रों का कहना है कि समुचित इलाज के लिए पीके को मनाने के लिए पत्नी को बुलाया गया है जो शाम तक पटना पहुंच जाएंगी।

प्रशांत किशोर ने सोमवार की अहले सुबह गिरफ्तारी के बाद शाम में कोर्ट के आदेश पर रिहाई के बाद देर शाम मीडिया को संबोधित किया था और कहा था कि उनका जारी है और जारी रहेगा। वो मंगलवार को अनशन की जगह और स्वरूप बताने वाले थे। माना जा रहा था कि वो जन सुराज के बैनर तले अपने अनशन को जिला-जिला में पहुंचा सकते हैं। लेकिन सोमवार की देर रात से प्रशांत को पेट में दर्द शुरू हो गया। सुबह में उनके आवास पर डॉक्टर आए और उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी गई।



डॉक्टर प्रशांत किशोर को अपने साथ पटना के एक निजी अस्पताल लेकर गए जहां जांच के बाद पता चला कि उनके बेट में संक्रमण फैल चुका है। इलाज कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि कम पानी पीने और भोजन नहीं लेने के कारण यह दिक्कत पैदा हुई है। डॉक्टरों के सामने समस्या ये है कि प्रशांत किशोर अस्पताल में भी अनशन करने पर पड़े हैं और डॉक्टरों के कहने के बावजूद वह मुंह से दवा नहीं ले रहे हैं। इसलिए अब प्रशांत किशोर की पत्नी और बहन को जो बुलाया गया है जो पटना से बाहर रहती हैं। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

# कोरोना जैसे HMPV वायरस के 8 केस

- महाराष्ट्र में 2 बच्चे पॉजिटिव

**नई दिल्ली.** कोरोना जैसे HMPV वायरस के केस बढ़कर 8 हो गए हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र के नागपुर में 2 केस सामने आए। यहां एक 13 साल की लड़की और एक 7 साल का लड़का संक्रमित मिला है। दोनों ही बच्चों को लगातार सर्दी-बुखार था। इसके बाद प्राइवेट लैब की जांच में दोनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। हालांकि इन्हें अस्पताल में भर्ती नही करना पड़ा। इलाज के बाद उनकी स्थिति कंट्रोल में है।




इससे एक दिन पहले कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और गुजरात में एक-एक केस मिलाकर वायरस के कुल 6 मामले सामने आए थे। इनमें ज्यादातर बच्चे हैं। केंद्र ने राज्यों को इंफ्लूएंजा लाइक इलनेस और सीवर एक्यूट रेस्परेट्री जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है। देश के 4 राज्यों में संक्रमण के मामले मिलने के बाद स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा था कि यह वायरस सामान्य है और इससे डरने की जरूरत नहीं है।

### गुलमर्ग में 2 फीट बर्फबारी के बाद एवलांच

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में मंगलवार सुबह एवलांच आया। इससे पहले इस इलाके में 2 फीट तक बर्फबारी हुई थी। एवलांच के चलते फिलहाल किसी नुकसान की सूचना नहीं है। जम्मू-कश्मीर में गुलमर्ग के अलावा कई जिलों में बर्फबारी हुई। इससे मुगल रोड, श्रीनगर-लेह रोड, सेमथान-किश्तवाड़ रोड और गुरेज हाईवे बंद कर दिया गया।

मौसम विभाग के मुताबिक यहां 2 से 3 दिन तक बर्फबारी की संभावना रहेगी। उधर, हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के साथ-साथ में बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है।

इन राज्यों में बर्फबारी के कारण उत्तर भारत के बाकी राज्यों में तेज सर्दी का असर देखने को मिल रहा है। आज देश के 16 राज्यों में सुबह घना कोहरा देखने को मिला।

मौसम विभाग के कहा कि पंजाब, जम्मू, उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ जिलों में विजिबिलिटी घटकर जीरो हो गई। इससे कई फ्लाइट्स लेट हुईं। अकेले UP में ही 25 फ्लाइट और कई ट्रेनें लेट हुईं।

# भारत ICC टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसका



**ICC टेस्ट टीम रैंकिंग**

| स्थान | टीम | मैचेस | प्वाइंट्स | रेटिंग |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ऑस्ट्रेलिया | 36 | 4531 | 126 |
| 02 | साउथ अफ्रीका | 30 | 3355 | 112 |
| 03 | भारत | 39 | 4248 | 109 |
| 04 | इंग्लैंड | 50 | 5303 | 106 |
| 05 | न्यूजीलैंड | 37 | 3536 | 96 |
| 06 | श्रीलंका | 28 | 2436 | 87 |
| 07 | पाकिस्तान | 27 | 2237 | 83 |
| 08 | वेस्टइंडीज | 29 | 2184 | 75 |
| 09 | बांग्लादेश | 29 | 1884 | 65 |
| 10 | आयरलैंड | 5 | 131 | 26 |

- 2016 के बाद दूसरी बार टॉप-2 से बाहर
- 10 साल बाद ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज हारी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-3 से हार झेलने वाली भारतीय मेंस टीम ताजा ICC टेस्ट टीम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गई है। 2019-21 और 2021-23 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने वाले भारत के 109 रेटिंग अंक हैं।

टीम इंडिया 2016 के बाद दूसरी बार ICC टेस्ट टीम रैंकिंग में तीसरे नंबर पर पहुंची है।

### अफ्रीका को दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान को हराने का फायदा मिला

साउथ अफ्रीका को घरेलू टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान को 10 विकेट से हराने का फायदा मिला है। वह 112 पॉइंट के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गई है।

साउथ अफ्रीका ने केपटाउन के न्यूलैं* स्टेडियम में सोमवार को चौथे दिन मिले 61 रन के टारगेट को बिना किसी नुकसान के 7.1 ओवर में हासिल कर लिया। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने पहला टेस्ट 2 विकेट से जीता था, इसलिए सीरीज भी 2-0 से होम टीम के नाम रही।

### ऑस्ट्रेलिया टीम टॉप पर बरकरार

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम टेस्ट रैंकिंग में टॉप पर है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में भारतीय टीम को हराने वाले ऑस्ट्रेलिया टीम की 126 रेटिंग है। इतना ही नहीं ऑस्ट्रेलिया के 4531 अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर गावस्कर सीरीज के सिडनी में खेले गए आखिरी मैच में 6 विकेट से हराया था। मैच ढाई दिन तक ही चली। 3 जनवरी से शुरू हुई यह मुकाबला 6 जनवरी को लंच से पहले ही खत्म हो गई थी।

# असम-खदान में 36 घंटे से फंसे 9 मजदूर, सेना पहुंची

- 300 फीट गहरी कोयला खदान में पानी भरा



**गुवाहाटी.** असम के दीमा हसाओ जिले के उमरंगसो में 300 फीट गहरी कोयला खदान में सोमवार को अचानक पानी भर गया था, जिससे 9 मजदूर अंदर फंस गए। मजदूरों के फंसने की सूचना 36 घंटे पहले सोमवार सुबह करीब 7 बजे मिली थी। अब इन मजदूरों के रेस्क्यू में सेना को लगाया गया है।

NDRF और SDRF की टीम भी मदद कर रही है। असम के माइनिंग मिनिस्टर कौशिक राय घटनास्थल पर मौजूद हैं। भारतीय सेना और असम राइफल्स के गोताखोर और मेडिकल टीम के साथ इंजीनियर्स टास्क फोर्स रेस्क्यू में शामिल हो गई है। कुछ रिपोर्ट्स में 3 मजदूरों के शव दिखने की बात कही गई। लेकिन जब भास्कर ने एसपी मयंक कुमार झा से बात की तो उन्होंने कहा कि कोई शव नहीं दिखाई दिया है। पुलिस ने खदान के मालिक पुनीश नुनिसा को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये रैट माइनर्स की खदान है। इसमें 100 फीट तक पानी भर गया है, जिसे दो मोटर की मदद से निकाला जा रहा है।

### प्रत्यक्षदर्शी बोले- अचानक पानी आया,

दीमा हसाओ जिले के एसपी मयंक झा ने बताया कि खदान में कई मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के मुताबिक अचानक पानी आया, जिसके कारण मजदूर खदान से बाहर नहीं निकल पाए। इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम, लोकल अधिकारियों और माइनिंग एक्सपर्ट की टीमों के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। खदान में फंसे मजदूरों का पता लगाया जा रहा है।

# पाकिस्तान में मृत पाए गए जर्मनी के राजनयिक

पाकिस्तान में जर्मनी के दूतावास में द्वितीय सचिव के पद पर कार्यरत थॉमस फील्डर अपने इस्लामाबाद स्थित फ्लैट में मृत पाए गए। पुलिस ने सोमवार को उनकी मृत्यु की पुष्टि की। थॉमस फील्डर काराकोरम हाइट्स में स्थित अपने फ्लैट में रह रहे थे जोकि इस्लामाबाद के डिप्लोमैटिक एन्क्लेव क्षेत्र में आता है। यह इलाका सचिवालय पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में है। एक्सप्रेस न्यूज के अनुसार, दो दिनों तक कार्यालय न आने के कारण दूतावास के कर्मचारियों को उनकी चिंता हुई।

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

## अंबरनाथ नगरपरिषद, अंबरनाथ

जा.क्र.अंनप/बांधकाम विभाग / 2024-25/1292 — दि. 2/1/2025

### कोटेशन नोटीस

अंबरनाथ नगरपरिषदेस खालील काम करावयाचे असुन, नोंदणीकृत ठेकेदार यांचेकडुन त्याबाबत सिलबंद कोटेशन्स मागविण्यात येत आहेत. ज्या कोणास सदर काम करावयाचे असेल त्यांनी सदर कामांचे दर सर्व करांसह बंद पाकीटात खाली सही करणार यांचेकडे दि. 14/1/2025 रोजी सायं 3.00 वाजे पर्यंत आणून द्यावेत. तसेच आलेली कोटेशन त्याच दिवशी किंवा प्रशासनाच्या सोयीनूसार हजर कोटेशन धारकांसमक्ष उघडण्यात येतील. कोणतेही एक कोटेशन स्विकारणे अथवा नाकारणेचा अधिकार निम्न स्वाक्षरीकार यांनी राखून ठेवला आहे. तसेच खालील पैकी कोणतेही एक कागदपत्र सादर न केल्यास किंवा सादर केलेल्या कोणत्याही कागदपत्रात खरेपणा न आढळल्यास कोटेशन फेटाळण्यात येतील याची नोंद घ्यावी.

| अ. क्र. | कामाचे नाव | अंदाजित रक्कम रु. (GST वगळून) | इसारा रक्कम रु. |
|---|---|---|---|
| 01. | अंबरनाथ पश्चिमेकडील सर्वोदय कमान गेट ते सर्वोदय शाळेपर्यंत पेव्हर ब्लॉक बसविणे. (महानगर गॅस ने खोदलेले रस्ते पूर्ववत करणे.) | रु.6,77,589/- | रु. 6775/- |

**१) तांत्रिक बोलीचा लिफाफा क्र. ०१**
अ) पॅनकार्ड
क) कॉन्ट्रॅक्टर परवाना.
ड) जी.एस.टी. नोंदणी प्रमाणपत्र.
इ) इसारा रक्कमेचा डी.डी

**२) वित्तीय बोलीचा लिफाफा क्र. ०२**
अ) मूळ प्रतितील दरपत्रक.

**टिप :-** सदर कोटेशन नगरपरिषदेच्या www.ambarnathcouncil.net या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

प्रत :- सुरक्षा विभाग नगरपरिषद नोटीस बोर्डावर प्रसिध्दीकरिता.

सही/-
**(डॉ. अभिषेक पराडकर)**
मुख्याधिकारी,
अंबरनाथ नगरपरिषद

## संक्षेप...

### बबला कंपाउंड इलाके में पेशाब करने से मना करने पर पिटाई

**भिवंडी.** पेशाब करने से रोकने पर गुस्साए एक व्यक्ति ने कांच की बोतल से युवक के सिर पर वार कर दिया। घटना भिवंडी के बबला कंपाउंड इलाके में हुई। इस मामले में हमलावर फरार है। शिकायतकर्ता भिवंडी के कल्याण रोड इलाके में रहता है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वह शनिवार रात करीब 11 बजे बबला कंपाउंड इलाके में गाला नंबर 1 के सामने से गुजर रहा था। उस समय वहां 24 वर्षीय युवक पेशाब कर रहा था। शिकायतकर्ता ने उसे पेशाब करने से रोका। इससे नाराज 24 वर्षीय शिकायतकर्ता जो एक साधु था, ने उसके साथ गाली-गलौज की और मारपीट की। उसने अपने साथ लाई कांच की बोतल से उसके सिर पर बाएं कान के ऊपर वार भी किया। इस मामले में शांतिनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

# निवेशकों के करोड़ों लेकर फरार हुई टोरेस कंपनी

मुंबई : मीरा-भाईंदर में इन्वेस्टमेंट स्कीम में हजारों निवेशकों के करोड़ों रुपये अटकने का मामला प्रकाश में आया है। टोरेस जूलरी कंपनी पर पर आरोप है कि उसके मालिक हजारों निवेशकों के करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गए हैं। सोमवार को कंपनी का मीरा-भाईंदर आउटलेट अचानक बंद हो गया, जिसके बाद स्टोर के बाहर निवेशकों की भीड़ लग गई। मुंबई पुलिस ने इस निजी कंपनी के दो निदेशकों और तीन वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ सोमवार (6 जनवरी) को कथित निवेश धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया. बताया जा रहा है कि कम से कम सात निवेशकों ने दावा किया है कि पोंजी योजना में उन्हें 13.48 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है.




इस बारे में कंपनी के किसी भी अधिकारिक प्रतिनिधि से संपर्क नहीं हो सका है। नाम न छापने की शर्त पर कंपनी से जुड़ी एक महिला ने बताया कि उन्हें बताया गया है कि वेबसाइट में तकनीकी दिक्कत के कारण निवेशकों के रिटर्न्स उन्हें नहीं भेजे जा रहे हैं।जानकारी के मुताबिक, 2023 में रजिस्टर्ड 'प्लैटिनम हरेन प्राइवेट लिमिटेड' कंपनी ने 2024 में 'टोरेस' ब्रैंड के तहत दादर में 30 हजार वर्गफ़ीट का आउटलेट खोला। इसके बाद कंपनी ने मीरा-भाईंदर सहित अन्य जगहों पर आउटलेट खोले।

### कंपनी ने किए ये वादे

कंपनी सोने, चांदी और मोइसैनाइट स्टोन (लैब निर्मित हीरे) खरीदने पर उतनी ही राशि पर क्रमशः 48, 96 और 520% तक सालाना रिटर्न्स का वादा करती थी। रिटर्न्स का भुगतान प्रति सप्ताह किया जाता था। दो सप्ताह से रिटर्न्स न आने से निवेशकों में हड़कंप मचा हुआ है।

### करोड़ों डूबने का है अंदेशा

ऐडवोकेट तरुण शर्मा ने बताया कि उन्होंने इस स्कीम के बारे में कुछ हफ़्ते पहले ही पुलिस प्रशासन से शिकायत की थी। उनकी पहचान के ही कई लोगों ने लाखों रुपये निवेश किया है। इसी तरह, मोहम्मद आलम ने बताया कि उन्होंने हाल में अपने एक दोस्त के कहने पर 6 लाख रुपये निवेश किए थे। उनके दोस्त ने भी 9 लाख रुपये का निवेश किया था। उन्हें हर हफ्ते 48 हजार रुपये देने का वादा किया गया था, लेकिन दो हफ्ते से पैसे नहीं आए।

### मोइसैनाइट खरीदने पर जोर

कंपनी निवेशकों को सोने, चांदी के बजाय मोइसैनाइट खरीदने पर जोर देती थी। इस पर सबसे ज्यादा रिटर्न भी दिया जाता था, जो कि साप्ताहिक 8 से 11% तक था। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, प्लैटिनम हरेन प्राइवेट लिमिटेड का रजिस्टर्ड ऑफिस गिरगांव की ओपेरा हाउस इमारत में है। कंपनी में इमरान जावेद, सर्वेश सुर्वे और ओलेना स्टाइएन तीन निदेशक हैं। तीनों निदेशकों में अपना एड्रेस भी कंपनी के एड्रेस को ही दिखाया है।

दादर में जे.के. सावंत रोड पर स्थित टोरेस स्टोर के बाहर कई निवेशक अपने पैसे की मांग को लेकर इकट्ठा हुए, जिसके बाद जानकारी मिलने पर पुलिस भीड़ को शांत करने के लिए मौके पर पहुंची. बाद में शिकायत मिलने पर दादर के शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन में कंपनी के शीर्ष पांच अधिकारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318 (4), 316 (5), 61 और महाराष्ट्र जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण (एमपीआईडी) अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत मामला दर्ज किया गया. वहीं जोन 5 के डीसीपी गणेश गावड़े ने कहा, आने वाले दिनों में ठगे गए निवेशकों की संख्या और इसमें शामिल राशि बढ़ सकती है. एफआईआर दर्ज करने के बाद हमने पुलिस आयुक्त के कार्यालय को एक रिपोर्ट भेज दी है और जल्द ही मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंप दिया जाएगा.

### मालिक भागा दुबई?

रातों-रात शटर बंद होने की जानकारी मिलते ही ऑफिस के सैकड़ों निवेशकों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी होते ही एपीएमसी पुलिस, क्राइम ब्रांच की टीम ने जांच शुरू कर दी। सूत्रों का कहना है कि कंपनी का मालिक दुबई में है। वह प्लानिंग के तहत विदेश भाग गया और रातों-रात कंपनी बंद कर दी।तलोजा के रहने वाले जमीर शेख ने बताया कि टोरेस कंपनी में निवेश करने पर दोगुने मुनाफे का वादा किया गया था। कंपनी के सेमिनार में शामिल होकर उनके परिवार के लोगों ने जेवर गिरवी रख कर निवेश किया था। शुरुआत में रिटर्न समय पर आ रहा था, लेकिन दिसंबर के दो सप्ताह बाद से रिटर्न मिलना बंद हो गया। राहुल गुप्ता ने बताया कि पिछले कुछ महीने से ग्राहकों को झांसा देकर ठगी की गई है। एक-दूसरे से संपर्क किए जाने पर पता चला कि कंपनी के लोग फरार हैं। सभी नंबर भी बंद हैं।

# भिवंडी में पुलिस ने चोरी गया 1.43 करोड़ का माल लौटाया

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** पुलिस स्थापना दिन के मौके पर रेझिंग डे सप्ताह शुरू है.रेजिंग डे पर पुलिस द्वारा विविध सेवाभावी उपक्रम आयोजन पोलीस प्रशासन द्वारा किया जा रहा है.नागरिको का चोरी गया मुद्देमाल अपराधियों से जप्त कर दुबारा नागरिकों को सौंपा गया.भादवड स्थित स्व.संपदा नाईक सभागृह में आयोजित भव्य कार्यक्रम में भिवंडी पुलिस उपायुक्त परिमंडल 2 अंतर्गत कुल 6 पुलिस स्टेशन हद से चोरी हुए 1 करोड़ 43 लाख रुपये कीमत का मुद्देमाल करीब 246 नागरिको को खोजकर अपर पुलिस आयुक्त विनायक देशमुख के हाथों पुलिस उपायुक्त डॉ.मोहन दहीकर की प्रमुख मौजूदगी में नागरिकों को सौंपा गया है.पुलिस द्वारा दिए गए सामनों में 169 मोबाईल सहित मोटर साइकिल, रिक्शा,कार, टेम्पो,सोने चांदी के आभूषण शामिल है.लोगों के चेहरों पर चोरी गया सामान पुलिस से रिटर्न पाकर खुशी फैली है.







कान्यकुब्ज मंडल मुंबई द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर 2025 का विमोचन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों सह्याद्रि अतिथिगृह, मुंबई में हुआ। इस विशेष अवसर पर आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली, मंत्री अजय अ. शुक्ल और कोषाध्यक्ष अरविंद अवस्थी जैसे प्रमुख व्यक्तित्व मौजूद थे।

# रोटरी क्लब ने किया वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान



### सामाजिक सरोकारों में पत्रकार की मुख्य भूमिका- दिनेश मेहता

**ठाणे.** पत्रकार दिवस की पूर्व संध्या पर रोटरी क्लब ऑफ ठाणे सेंट्रल ने ठाणे के कुछ वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया. मुख्य अतिथि रोटरी के प्रांतीय गवर्नर दिनेश मेहता ने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहने में पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है. पत्रकार हर दिन महत्वपूर्ण खबरें आम लोगों तक पहुंचाने का काम करते हैं. ऐसे लोगों के प्रति कृतज्ञता आस्था और प्रेम व्यक्त करने के लिए यह सम्मान समारोह आयोजित किया गया. समारोह रोटरी सेंटर, विष्णु नगर, नौपाड़ा में आयोजित किया गया. इसमें ठाणे के कुछ रोटरी क्लबों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.

कार्यक्रम की पूरी जिम्मेदारी लेने वाली क्लब की पूर्व अध्यक्ष नेहा निंबालकर ने सभी का स्वागत किया.

रोटरी प्रांतीय गवर्नर दिनेश मेहता के साथ वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक प्रशांत दीक्षित ठाणे वैभव के संपादक मिलिंद बल्लाल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे. इन्होंने पत्रकारिता की नई दिशा और चुनौतियों पर चर्चा की. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज पत्रकारों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियाँ, विभिन्न मीडिया के कारण पत्रकारिता में बदलाव और पत्रकारों को निरंतर पढ़ने और ध्यान के माध्यम से सभी विषयों से जुड़ने की आवश्यकता है. ठाणे वैभव के स्वर्ण जयंती वर्ष पर संपादक मिलिंद बल्लाल को सम्मानित किया गया. रोटरी प्रांतीय अध्यक्ष दिनेश मेहता ने रोटरी द्वारा किये जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यों की जानकारी देते हुए पत्रकारों से लोगों को इसकी जानकारी देने की अपील की. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नेहा निंबालकर, माधवी ओगे, रोटरी प्रांत सचिव नीलेश लिखे, अनिल मुलेये की सराहना की. रोटरी डिस्ट्रिक्ट के कई पदाधिकारी भी मौजूद थे.क्लब अध्यक्ष स्वाति येरी ने सभी को धन्यवाद दिया.

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए निर्भीक पत्रकारिता जरूरी -सांसद सुरेश म्हात्रे



उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** पत्रकार समाज का महत्वपूर्ण अंग है.लोकतंत्र की मजबूती के लिए पत्रकारों को निर्भीक होकर पत्रकारिता करना बेहद जरूरी है. पत्रकारों को सरकार,शासन की कमियों को निडरता से उजागर करना चाहिए.उक्त उद्गार भिवंडी लोकसभा सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने महानगर पत्रकार संघ व श्री साई सेवा संस्था के संयुक्त तत्वाधान में अजय नगर शिवसेना भवन में आयोजित पत्रकार सन्मान समारोह के दौरान व्यक्त किया. उक्त अवसर पर जेष्ठ पत्रकार तुलसीदास भोईटे, संजय पितले,संजय भोईर,नितिन पाटिल,जितेंद्र तिवारी, भगवान चंदे, शिवसेना उध्दव बालासाहेब ठाकरे गट भिवंडी लोकसभा संपर्क प्रमुख साईनाथ तारे, पूर्व जिप सदस्य कुंदन पाटील, श्री साई सेवा संस्थाध्यक्षा डॉ.स्वाती सिंह, उपजिला रुग्णालय वैद्यकीय अधिक्षिका डॉ.माधवी पंदारे सहित भारी संख्या में पत्रकार गण उपस्थित थे.

# भिवंडी में भाजपा सदस्यता अभियान जोर-शोर से शुरू

**भिवंडी.** भाजपा संगठन पर्व के उपलक्ष्य मे भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के तहत भिवंडी शहर की दोनों विधानसभा में सभी पदाधिकारियों को 250 प्राथमिक सदस्य बनाने का संकल्प लिया है.महाराष्ट्र विधानपरिषद सदस्य विधायक श्रीकांत भारतीय ने कहा कि,सभी के सहकार एवं राष्ट्र कल्याण की भावना से यह कारवां सतत आगे बढ़ता रहेगा.



गौरतलब हो कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा से लोग उत्साह होकर प्राथमिक सदस्य बन रहे है और अन्य लोगो को भी प्रेरित कर रहे हैं.भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा भिवंडी शहर जिला द्वारा फेनेपाड़ा जन संम्पर्क कार्यालय पर सदस्यता महाभियान शिविर का आयोजन किया गया. उक्त अवसर पर विधान परिषद विधायक श्रीकांत भारती, भिवंडी पश्चिम विधायक महेश चौगुले, भाजपा भिवंडी शहर जिला अध्यक्ष एड.हर्षल पाटिल, सदस्यता अभियान संयोजक विशाल पठारे,भाजपा जिला प्रसिद्धि प्रमुख पी डी यादव सहित मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे.

# आंबिवली में कुत्ते के भौंकने पर बवाल

**कल्याण.** अंबिवली में कुत्ते को भोंकने को लेकर बवाल हो गया. रविवार शाम को सब्जी विक्रेता का पालतू कुत्ता इलाके में भौंकने लगा। इससे नाराज होकर आरोपी महिलाएं उसके घर पहुंचीं और कथित तौर पर उसके साथ, उसकी पत्नी और बेटी के साथ मारपीट की। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपियों ने उनके घर पर पथराव और तोड़फोड़ भी की। अधिकारी ने आगे बताया कि इस घटना में सब्जी विक्रेता और उसके परिवार के सदस्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि सब्जी विक्रेता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सोमवार को 10 आरोपी महिलाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

# महिला को चूमा और भाग गया चोर

**मुंबई.** चोरी करने घुसे चोर को जब कोई कीमती सामान नहीं मिला तो आरोपी घर में मौजूद महिला को चूमकर भाग गया. सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया. साथ ही आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया. कुरार थाना पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति को छेड़छाड़ और लूट की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. यह घटना 3 जनवरी को मलाड के कुरार इलाके में हुई. 38 साल की शिकायतकर्ता के अनुसार, वह घर पर अकेली थी, तभी आरोपी ने घर में घुसकर अंदर से दरवाजा बंद कर लिया. इसके बाद आरोपी ने महिला का मुंह बंद कर दिया और उससे सभी कीमती सामान, नकदी, मोबाइल और एटीएम कार्ड सौंपने को कहा. हालांकि, जब महिला ने कहा कि उसके घर में कोई कीमती सामान नहीं है, तो आरोपी ने उसे चूमा और भाग गया.

# कचरा ठेकेदार ने नहीं लौटाये मनपा के वाहन

### करीब 10 करोड़ की गाड़ियां ठेकेदारों के कब्जे में

उल्हास विकास संवाददाता




**भिवंडी.** भिवंडी मनपा प्रशासन द्वारा कचरा ढुलाई ठेकेदार आर एंड बी इंफ्रा को दी गईं घंटा गाड़ी, डंपर,आर सी गाड़िया ठेका खत्म होने के 6 माह बाद भी ठेकेदार कंपनी ने मनपा को वापस नहीं लौटाया है.मनपा प्रशासन ठेकेदार के समक्ष कमोवेश घुटने टेक चुका है. मनपा के करीब 10 करोड़ से अधिक कीमत के कचरा ढुलाई वाहन ठेकेदारों के कब्जे में गोदाम अथवा सड़कों के किनारे खड़े हुए सड़ रहे हैं. मनपा प्रशासन की नाकामी की वजह से मनपा तिजोरी को करोड़ों रुपए की चपत लगने के आसार हैं.जनहित सामाजिक संस्था ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लिखितपत्र देकर भिवंडी मनपा द्वारा जारी कचरा टेंडर सहित ठेकेदार द्वारा जप्त किए वाहन संबंधित मुद्दे की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है.

गौरतलब हो कि,भिवंडी मनपा ने 2.5 वर्ष पूर्व कचरा ढुलाई का ठेका आर एंड बी इंफ्रा को करीब 2 करोड़ प्रतिमाह में 3 वर्षों की खातिर दिया था.मनपा ने कचरा ठेकेदार को कचरा ढुलाई की खातिर 50 घंटा गाड़ी,23 आरसी मशीन एवं डंपर भी दिए थे. आरोप है कि,आर एंड बी इंफ्रा ठेकेदार कंपनी ने मनपा से कचरा ढुलाई ठेका लेकर शहर के कई जनप्रतिनिधियों को बांट दिया और खुद पल्ला झाड़ लिया था. लोगों का आरोप है कि,मनपा प्रशासक राज में दिए गए कचरा ढुलाई टेंडर में तत्कालीन प्रशासक विजय म्हसाल ने नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए आर्थिक फायदे के लिए शर्तों को दरकिनार कर ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए मनपा द्वारा कचरा ढुलाई के लिए 10 करोड़ की खरीदे गए वाहनों को 1रुपए प्रतिमाह भाड़े से ठेकेदार के हवाले किया था.कचरा ढुलाई टेंडर की शर्त में ठेका खत्म होने पर ठेकेदार को मनपा के सभी वाहन मेंटेनेंस करके वापस लौटाना तय हुआ था.कचरा ढुलाई ठेकेदारों द्वारा प्रतिमाह बिलों का भुगतान नहीं पाने से शहर में कचरे का अंबार लगा तो नागरिकों की बारंबार शिकायत पर आयुक्त अजय वैद्य ने 6 माह पूर्व आर एंड बी इंफ्रा का ठेका रद्द किया बावजूद ठेकेदार ने मनपा के करीब 10 करोड़ के वाहन नहीं लौटाए हैं.मनपा प्रशासन के बारंबार पत्र के बाद भी ठेकेदार द्वारा कचरा ढुलाई वाहन जमा नहीं किए जाने से मनपा तिजोरी को करोड़ों की चपत लगने के प्रबल आसार हैं.

### उप ठेकेदारों के कब्जे में मनपा के वाहन

मनपा सूत्रों की माने तो आर एंड बी इंफ्रा नामक ठेकेदार कंपनी से ठेका लेकर जनप्रतिनिधि मंडली ने आपस में बांट लिया था . उप ठेकेदार बने दबंग जनप्रतिनिधियों को जब तक बकाया पैसा ठेकेदार से नहीं मिलेगा तब तक मनपा वाहन की वापसी भी नहीं होगी . ठेकेदार द्वारा मनपा कचरा ढुलाई वाहन नहीं लौटाने का कारण करीब 10 करोड़ से अधिक मनपा से बकाया भुगतान बताया जा रहा है . एक मनपा अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि, आर एंड बी इंफ्रा ठेका रद्द एवं अमानती राशि वापसी के लिए कोर्ट गई है . जनहित संस्था का आरोप है कि,मनपा प्रशासन द्वारा नए ठेकेदारों को भी आर्थिक फायदा के मद्देनजर कचरा ढुलाई का ठेका करीब 3 करोड़ प्रतिमाह का दिया गया है .भिवंडी मनपा में तमाम टेंडरों को जारी करने में भारी घोटाला हो रहा है . जनहित संस्था ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मनपा प्रशासन की समग्र कार्यप्रणाली की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है .


STAFF REQUIRED

SINDHI MALE

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT

&

For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT : MR. RAJESH

Mob. No. : 9307579475


# सलमान के घर बुलेट प्रूफ दीवार बनाई गई

- हाई रेजोल्यूशन कैमरे भी लगाए
- पिछले साल अप्रैल में लॉरेंस गैंग ने फायरिंग की थी

सलमान खान के घर बुलेट प्रूफ दीवार बनाई गई है। पिछले साल अप्रैल में सलमान के मुंबई स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में लॉरेंस गैंग से जुड़े बदमाशों ने फायरिंग की थी। तब सलमान के घर सिक्योरिटी बढ़ाई गई थी। अब उनकी बालकनी और खिड़कियों को बुलेट प्रूफ किया गया है।



सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में बीते कुछ समय से रेनोवेशन का काम चल रहा था। अब अपार्टमेंट का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उनकी बालकनी और खिड़कियां बुलेट प्रूफ ग्लास के साथ नजर आ रही हैं। NDTV ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि सलमान का सिक्योरिटी सिस्टम हाईटेक कर दिया गया है। घर के चारों तरफ हाई रेजोल्यूशन CCTV कैमरे भी लगाए गए हैं।

सलमान खान गैलेक्सी अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर में 1BHK में रहते हैं, जबकि उनके पेरेंट्स इस अपार्टमेंट के फर्स्ट फ्लोर में रहते हैं।

### 14 अप्रैल को बालकनी के पास वाली दीवार पर हुई थी फायरिंग


8 महीने पहले 14 अप्रैल को सुबह करीब 5 बजे सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में 7.6 बोर की बंदूक से 4 राउंड फायरिंग हुई थी। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में फायरिंग करने वालों को कैप्चर किया गया था। फायरिंग उसी दीवार में हुई, जिससे थोड़ी ही दूरी पर सलमान की बालकनी है, जहां वो फैंस से मिलने आते हैं। फोरेंसिक एक्सपर्ट को मौके से एक लाइव बुलेट मिली थी। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस ग्रुप ने ली थी।


उल्हास विकास NEWS LIVE FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play

GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक


Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017

उल्हास विकास

सब पे नजर, सबकी खबर Since 1985

www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com

Chief Editor Hero Ashok Bodha L.L.B., BMM, MA (PS)


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099